**भारत सरकार**

**गृह मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1044**

**मंगलवार, 13 दिसम्बर, 2022 (22 अग्रहायण, 1944 (शक)) को उत्तर के लिए**

**साइबर अपराध और धोखाधड़ी**

**†1044. डॉ. निशिकांत दूबे:**
**श्री जुएल ओरामः**
**श्रीमति अपरूपा पोद्दारः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार को देश में साइबर-अपराधों/धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों की जानकारी है और यदि हां, तो पिछले 5 वर्षों के दौरान प्रतिवर्ष रिपोर्ट किए गए ऐसे मामलों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है और जांच और न्यायालय में विचाराधीन मामलों के क्या परिणाम रहे;**

**(ख) क्या सरकार ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल की स्थापना की है और राष्ट्रीय सूचना सुरक्षा नीति और दिशानिर्देश भी जारी किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन उपायों के माध्यम से साइबर अपराधों की रोकथाम और पता लगाने में कितनी सफलता हासिल हुई;**

**(ग) सरकार द्वारा इन उपलब्ध तंत्रों के बारे में जनता को जागरूक करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और**

**(घ) क्या विशेषरूप से साइबर अपराधों से निपटने के लिए समर्पित पुलिस थानों/यूनिटों की स्थापना की गई है/ स्थापना की जानी प्रस्तावित है और यदि हां, तो ऐसे पुलिस स्टेशनों/युनिटों का ब्यौरा क्या है और इनमें तैनात पुलिसकर्मियों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय कुमार मिश्रा)**

(क): साइबर स्पेस के उपयोग में वृद्धि होने के कारण, धोखाधड़ियों सहित साइबर अपराधों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी)अपराधों से संबंधित सांख्यिकीय आंकड़ों को अपने प्रकाशन 'क्राइम-इन-इंडिया' में संकलित और प्रकाशित करता है। नवीनतम प्रकाशित रिपोर्ट वर्ष 2021 की है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2017 से 2021 के दौरान साइबर अपराध (माध्यम/लक्ष्य के रूप में संचार उपकरणों समेत) के तहत दर्ज किए गए मामलों का राज्य /संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ख) से (ग): भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, 'पुलिस' और 'लोक व्यवस्था' राज्य के विषय हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र अपनी विधि प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से साइबर अपराध समेत अपराधों की रोकथाम करने, उनका पता लगाने, जाँच करने और अभियोजन चलाने के लिए प्राथमिक रूप से जिम्मेदार हैं। विधि प्रवर्तन एजेंसियां, साइबर अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कानून के प्रावधानों के अनुसार विधिक कार्यवाही करती हैं। केंद्र सरकार, एडवाइजरी और विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत वित्तीय सहायता के माध्यम से राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी क्षमता संवर्धन के प्रयासों में सहायता प्रदान करती है।

केंद्र सरकार ने साइबर अपराधों से एक व्यापक और समन्वित ढंग से निपटने हेतु तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए उपाय किए हैं, जिनमें साइबर अपराधों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, चेतावनी/ एडवाइजरी जारी करना, विधि प्रवर्तन कार्मिकों/ अभियोजकों/ न्यायिक अधिकारियों का क्षमता निर्माण/ प्रशिक्षण और साइबर फॉरेंसिक सुविधाओं को बेहतर बनाना आदि शामिल हैं। सरकार ने विधि प्रवर्तन एजेंसियों के लिए एक फ्रेमवर्क और ईको-सिस्टम उपलब्ध कराने हेतु 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' (आई4सी) का गठन किया है, ताकि साइबर अपराधों से व्यापक और समन्वित तरीके से निपटा जा सके।

<u>लोक सभा अता. प्र. सं. 1044 दिनांक 13.12.2022</u>

सभी प्रकार के साइबर अपराधों की सहज रिपोर्टिंग 'राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल' (www.cybercrime.gov.in) से की जा सकती है। इस पोर्टल पर दर्ज की गई साइबर अपराध की घटनाओं की सूचना, कानून के प्रावधानों के अनुसार आगे कार्यवाही करने के लिए स्वतः ही संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की विधि प्रवर्तन एजेंसियों को पहुँच जाती है। रखे गए आंकड़ों के अनुसार, दिनांक 01.01.2020 से 07.12.2022 तक 16 लाख से अधिक साइबर अपराध की घटनाएं दर्ज की गई और 32,000 से अधिक एफआईआर पंजीकृत की गई हैं। वित्तीय धोखाधड़ियों की तत्काल सूचना देने और धोखाधड़ी करने वालों के द्वारा निधियों की चोरी को रोकने के लिए 'नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली' भी शुरू की गई है। अब तक, 180 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय धोखाधड़ी के लेनदेनों को बचाया जा चुका है। साइबर शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज करने में सहायता प्राप्त करने के लिए एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नम्बर '1930' शुरू किया गया है।

आईसीटी बुनियादी ढांचे में सूचना सुरक्षा उल्लंघनों/साइबर घुसपैठ को रोकने के लिए राष्ट्रीय सूचना सुरक्षा नीति और दिशानिर्देश (एनआईएसपीजी), 2019 जारी किए गए हैं। एनआईएसपीजी को केंद्रीय मंत्रालयों के साथ-साथ राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ साझा किया गया है। उन्हें सूचना सुरक्षा को मजबूत करने और सूचना सुरक्षा उल्लंघनों को रोकने के लिए एनआईएसपीजी के अनुसार सूचना सुरक्षा नियंत्रण को मजबूत करने के लिए उचित कदम उठाने की सलाह दी गई है।

केंद्र सरकार ने साइबर अपराध के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ एसएमएस भेजना, आई4सी सोशल मीडिया अकाउंट जैसे कि ट्विटर हैंडल (@Cyberdost), फेसबुक (CyberDostI4C), इंस्टाग्राम (cyberdosti4c), टेलीग्राम

(cyberdosti4c), रेडियो कैंपेन के माध्यम से संदेश प्रसारित करना, माईगव को कई माध्यमों से प्रचार हेतु उपयोग करना, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के सहयोग से साइबर सुरक्षा एवं संरक्षा जागरूकता सप्ताह का आयोजन करना, किशोरों/ छात्रों के लिए हैंडबुक का प्रकाशन करना आदि शामिल हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को प्रचार द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाने के लिए अनुरोध किया गया है।

(घ): पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन से संबंधित सांख्यिकी आंकड़ों को अपने प्रकाशन "पुलिस संगठनों के आंकड़े" में संकलित और प्रकाशित करता है। नवीनतम प्रकाशित रिपोर्ट वर्ष 2021 की है। बीपीआरएंडडी द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक, दिनांक 01.01.2021 की स्थितिनुसार साइबर क्राइम पुलिस स्टेशनों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुलग्नक-II में दिया गया है। आवश्यकता के अनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पुलिस स्टेशन स्थापित करते हैं और वहाँ जनशक्ति की तैनाती करते हैं।

*****

अनुलग्नक-I (पृष्ठ 3 का 1)

लोक सभा अता.प्र.सं. 1044 दिनांक 13.12.2022

**वर्ष 2017-2018 के दौरान कुल साइबर अपराधों के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार दर्ज किए गए मामले (सीआर), आरोपपत्रित मामले (सीसीएस), दोषसिद्ध मामले (सीओएन),निपटाए गए मामले (सीडीआईस), दोष मुक्त मामले (सीएक्यू), गिरफ्तार किए गए व्यक्ति (पीएआर), आरोपपत्रित व्यक्ति (पीसीएस), दोषसिद्ध व्यक्ति(पीसीवी),बरी किए गए व्यक्ति (पीडीआईस)और दोष मुक्त व्यक्ति (पीएक्यू)**

| क्र.स. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2017 | | | | | | | | | | 2018 | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सीआर | सीसीएस | सीओएन | सीडीआईस | सीएक्यू | पीएआर | पीसीएस | पीसीवी | पीडीआईस | पीएक्यू | सीआर | सीसीएस | सीओएन | सीडीआईस | सीएक्यू | पीएआर | पीसीएस | पीसीवी | पीडीआईस | पीएक्यू |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 931 | 198 | 4 | 0 | 70 | 388 | 269 | 5 | 4 | 102 | 1207 | 243 | 10 | 9 | 33 | 522 | 412 | 14 | 10 | 59 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | असम | 1120 | 179 | 0 | 0 | 1 | 1261 | 726 | 0 | 0 | 1 | 2022 | 201 | 3 | 1 | 38 | 1730 | 224 | 3 | 2 | 38 |
| 4 | बिहार | 433 | 251 | 2 | 0 | 19 | 884 | 265 | 3 | 0 | 20 | 374 | 229 | 0 | 0 | 0 | 357 | 330 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 171 | 78 | 9 | 4 | 8 | 128 | 127 | 9 | 4 | 18 | 139 | 78 | 3 | 0 | 13 | 118 | 109 | 3 | 0 | 16 |
| 6 | गोवा | 13 | 4 | 0 | 1 | 0 | 1 | 6 | 0 | 2 | 0 | 29 | 2 | 1 | 0 | 1 | 3 | 3 | 1 | 0 | 1 |
| 7 | गुजरात | 458 | 190 | 0 | 0 | 2 | 472 | 437 | 0 | 0 | 2 | 702 | 334 | 0 | 0 | 2 | 786 | 647 | 0 | 0 | 2 |
| 8 | हरियाणा | 504 | 130 | 11 | 0 | 77 | 211 | 197 | 12 | 0 | 168 | 418 | 184 | 5 | 0 | 34 | 260 | 252 | 5 | 0 | 48 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 56 | 15 | 2 | 0 | 14 | 34 | 17 | 2 | 0 | 19 | 69 | 25 | 0 | 0 | 2 | 19 | 27 | 0 | 0 | 3 |
| 10 | झारखंड | 720 | 115 | 3 | 2 | 4 | 368 | 155 | 3 | 2 | 4 | 930 | 186 | 34 | 0 | 15 | 450 | 362 | 38 | 0 | 19 |
| 11 | कर्नाटक | 3174 | 130 | 0 | 0 | 39 | 294 | 163 | 0 | 0 | 60 | 5839 | 139 | 1 | 0 | 43 | 378 | 198 | 1 | 0 | 76 |
| 12 | केरल | 320 | 144 | 8 | 0 | 43 | 240 | 159 | 9 | 0 | 47 | 340 | 203 | 8 | 3 | 31 | 298 | 256 | 12 | 3 | 31 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 490 | 349 | 7 | 2 | 7 | 544 | 548 | 9 | 2 | 10 | 740 | 575 | 19 | 3 | 54 | 735 | 808 | 25 | 4 | 76 |
| 14 | महाराष्ट्र | 3604 | 720 | 11 | 0 | 48 | 1716 | 1196 | 10 | 3 | 63 | 3511 | 1052 | 10 | 1 | 50 | 2118 | 1449 | 22 | 1 | 64 |
| 15 | मणिपुर | 74 | 0 | 0 | 0 | 0 | 25 | 0 | 0 | 0 | 0 | 29 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | मेघालय | 39 | 1 | 0 | 0 | 1 | 8 | 1 | 0 | 0 | 1 | 74 | 0 | 0 | 0 | 0 | 12 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | मिजोरम | 10 | 7 | 2 | 0 | 1 | 10 | 7 | 2 | 0 | 1 | 6 | 2 | 0 | 0 | 0 | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | नागालैंड | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | ओडिशा | 824 | 143 | 1 | 0 | 4 | 200 | 200 | 1 | 0 | 4 | 843 | 219 | 0 | 0 | 2 | 254 | 284 | 0 | 0 | 3 |
| 20 | पंजाब | 176 | 60 | 2 | 2 | 21 | 223 | 111 | 2 | 2 | 27 | 239 | 80 | 5 | 1 | 19 | 258 | 118 | 7 | 1 | 27 |
| 21 | राजस्थान | 1304 | 184 | 5 | 7 | 11 | 374 | 357 | 5 | 7 | 20 | 1104 | 232 | 2 | 1 | 8 | 418 | 411 | 3 | 1 | 10 |
| 22 | सिक्किम | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | तमिलनाडु | 228 | 70 | 0 | 0 | 9 | 208 | 99 | 0 | 0 | 12 | 295 | 131 | 11 | 1 | 24 | 326 | 185 | 11 | 1 | 47 |
| 24 | तेलंगाना | 1209 | 266 | 1 | 0 | 64 | 808 | 428 | 1 | 0 | 92 | 1205 | 480 | 0 | 0 | 29 | 699 | 601 | 0 | 0 | 53 |
| 25 | त्रिपुरा | 7 | 1 | 0 | 0 | 1 | 3 | 1 | 0 | 0 | 1 | 20 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 4971 | 1700 | 79 | 2 | 42 | 2726 | 2576 | 83 | 2 | 63 | 6280 | 2325 | 373 | 7 | 89 | 3437 | 3238 | 445 | 7 | 117 |
| 27 | उत्तराखण्ड | 124 | 47 | 1 | 0 | 1 | 55 | 58 | 2 | 0 | 2 | 171 | 55 | 2 | 0 | 2 | 92 | 75 | 3 | 0 | 6 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 568 | 133 | 1 | 0 | 3 | 266 | 99 | 1 | 0 | 4 | 335 | 186 | 3 | 0 | 8 | 159 | 198 | 3 | 0 | 8 |
| | **कुल राज्य** | **21530** | **5115** | **149** | **20** | **490** | **11447** | **8202** | **159** | **28** | **741** | **26931** | **7163** | **490** | **27** | **498** | **13447** | **10191** | **596** | **30** | **704** |
| 29 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 1 | 7 | 9 | 0 | 0 | 0 | 2 | 13 | 0 | 0 | 0 |
| 30 | चंडीगढ़ | 32 | 13 | 1 | 0 | 5 | 30 | 20 | 1 | 0 | 5 | 30 | 13 | 3 | 0 | 7 | 13 | 13 | 3 | 0 | 7 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव + | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 32 | दिल्ली | 162 | 38 | 2 | 2 | 0 | 105 | 69 | 2 | 2 | 0 | 189 | 32 | 2 | 9 | 1 | 83 | 49 | 2 | 9 | 2 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर* | 63 | 11 | 0 | 0 | 4 | 17 | 12 | 0 | 0 | 4 | 73 | 14 | 0 | 0 | 6 | 19 | 19 | 0 | 0 | 12 |
| 34 | लद्दाख | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 35 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 36 | पुदुचेरी | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 14 | 3 | 0 | 0 | 1 | 3 | 3 | 0 | 0 | 3 |
| | **कुल संघ राज्य क्षेत्र** | **266** | **65** | **3** | **2** | **10** | **154** | **104** | **3** | **2** | **10** | **317** | **71** | **5** | **9** | **15** | **122** | **97** | **5** | **9** | **24** |
| | **कुल (अखिल भारत)** | **21796** | **5180** | **152** | **22** | **500** | **11601** | **8306** | **162** | **30** | **751** | **27248** | **7234** | **495** | **36** | **513** | **13569** | **10288** | **601** | **39** | **728** |

स्रोत:भारत में अपराध. नोट: '+' 2017-18 के दौरान पूर्ववर्ती दादरा और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र के संयुक्त आंकड़े, *' 2017-18 के दौरान लद्दाख सहित पूर्ववर्ती जम्मू और कश्मीर राज्य के आंकड़े.

लोक सभा अता. प्र. सं. 1044 दिनांक 13.12.2022

**वर्ष 2019-2020 के दौरान कुल साइबर अपराधों के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार दर्ज किए गए मामले (सीआर), आरोपपत्रित मामले (सीसीएस), दोषसिद्ध मामले (सीओएन),निपटाए गए मामले (सीडीआईस), दोष मुक्त मामले (सीएक्यू), गिरफ्तार किए गए व्यक्ति (पीएआर), आरोपपत्रित व्यक्ति (पीसीएस), दोषसिद्ध व्यक्ति(पीसीवी), बरी किए गए व्यक्ति (पीडीआईस)और दोष मुक्त व्यक्ति (पीएक्यू)**

| क्र.स. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2019 | | | | | | | | | | 2020 | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सीआर | सीसीएस | सीओएन | सीडीआईस | सीएक्यू | पीएआर | पीसीएस | पीसीवी | पीडीआईस | पीएक्यू | सीआर | सीसीएस | सीओएन | सीडीआईस | सीएक्यू | पीएआर | पीसीएस | पीसीवी | पीडीआईस | पीएक्यू |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1886 | 235 | 3 | 0 | 53 | 452 | 344 | 5 | 0 | 68 | 1899 | 314 | 6 | 10 | 88 | 475 | 446 | 9 | 10 | 123 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 30 | 1 | 0 | 0 | 0 | 12 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | असम | 2231 | 349 | 13 | 0 | 53 | 1636 | 733 | 13 | 0 | 53 | 3530 | 385 | 0 | 0 | 41 | 1717 | 395 | 0 | 0 | 80 |
| 4 | बिहार | 1050 | 288 | 4 | 0 | 46 | 1014 | 519 | 17 | 0 | 46 | 1512 | 651 | 0 | 0 | 0 | 751 | 727 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 175 | 94 | 13 | 0 | 23 | 139 | 136 | 19 | 0 | 27 | 297 | 152 | 3 | 0 | 7 | 209 | 188 | 3 | 0 | 7 |
| 6 | गोवा | 15 | 20 | 0 | 0 | 1 | 3 | 25 | 0 | 0 | 1 | 40 | 6 | 0 | 0 | 1 | 15 | 15 | 0 | 0 | 1 |
| 7 | गुजरात | 784 | 447 | 0 | 0 | 8 | 1083 | 1064 | 0 | 0 | 11 | 1283 | 475 | 0 | 0 | 4 | 942 | 906 | 0 | 0 | 4 |
| 8 | हरियाणा | 564 | 188 | 6 | 0 | 40 | 314 | 288 | 10 | 0 | 63 | 656 | 221 | 0 | 0 | 9 | 347 | 323 | 0 | 0 | 21 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 76 | 20 | 2 | 0 | 4 | 44 | 24 | 2 | 0 | 4 | 98 | 31 | 0 | 0 | 1 | 46 | 39 | 0 | 0 | 1 |
| 10 | झारखंड | 1095 | 344 | 19 | 0 | 16 | 402 | 568 | 19 | 0 | 16 | 1204 | 462 | 125 | 2 | 44 | 820 | 791 | 131 | 7 | 45 |
| 11 | कर्नाटक | 12020 | 111 | 9 | 0 | 26 | 446 | 183 | 10 | 0 | 31 | 10741 | 2842 | 2 | 0 | 19 | 489 | 2916 | 2 | 0 | 25 |
| 12 | केरल | 307 | 176 | 2 | 0 | 33 | 220 | 214 | 2 | 0 | 46 | 426 | 161 | 0 | 0 | 7 | 299 | 179 | 0 | 0 | 7 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 602 | 405 | 18 | 4 | 13 | 659 | 531 | 24 | 5 | 18 | 699 | 445 | 14 | 7 | 28 | 692 | 598 | 15 | 7 | 28 |
| 14 | महाराष्ट्र | 4967 | 980 | 7 | 2 | 45 | 1739 | 1470 | 9 | 2 | 60 | 5496 | 902 | 3 | 1 | 33 | 1735 | 1238 | 3 | 1 | 48 |
| 15 | मणिपुर | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 79 | 0 | 0 | 0 | 0 | 17 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | मेघालय | 89 | 2 | 0 | 0 | 0 | 3 | 3 | 0 | 0 | 0 | 142 | 1 | 0 | 0 | 0 | 9 | 7 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | मिजोरम | 8 | 4 | 0 | 0 | 0 | 5 | 5 | 0 | 0 | 0 | 13 | 8 | 2 | 0 | 0 | 4 | 8 | 2 | 0 | 0 |
| 18 | नागालैंड | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | ओडिशा | 1485 | 220 | 0 | 0 | 0 | 316 | 351 | 0 | 0 | 0 | 1931 | 282 | 0 | 0 | 1 | 369 | 396 | 0 | 0 | 1 |
| 20 | पंजाब | 243 | 90 | 5 | 3 | 26 | 259 | 118 | 9 | 4 | 35 | 378 | 106 | 1 | 0 | 5 | 298 | 162 | 1 | 0 | 8 |
| 21 | राजस्थान | 1762 | 312 | 35 | 14 | 9 | 571 | 556 | 41 | 23 | 11 | 1354 | 340 | 24 | 5 | 21 | 541 | 520 | 32 | 11 | 27 |
| 22 | सिक्किम | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 3 | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 23 | तमिलनाडु | 385 | 113 | 8 | 1 | 9 | 400 | 161 | 10 | 1 | 12 | 782 | 135 | 7 | 7 | 25 | 516 | 237 | 9 | 8 | 28 |
| 24 | तेलंगाना | 2691 | 847 | 10 | 0 | 128 | 748 | 1564 | 11 | 0 | 179 | 5024 | 939 | 280 | 0 | 56 | 1169 | 1158 | 282 | 0 | 81 |
| 25 | त्रिपुरा | 20 | 4 | 0 | 0 | 0 | 1 | 5 | 0 | 0 | 0 | 34 | 5 | 0 | 0 | 0 | 6 | 5 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 11416 | 3705 | 201 | 30 | 46 | 4324 | 5258 | 272 | 45 | 66 | 11097 | 4987 | 642 | 36 | 47 | 6491 | 6427 | 878 | 47 | 55 |
| 27 | उत्तराखण्ड | 100 | 40 | 1 | 0 | 0 | 71 | 72 | 1 | 0 | 0 | 243 | 58 | 0 | 1 | 0 | 93 | 80 | 0 | 1 | 0 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 524 | 104 | 4 | 0 | 26 | 215 | 124 | 4 | 0 | 27 | 712 | 178 | 0 | 0 | 6 | 203 | 313 | 0 | 0 | 6 |
| | **कुल राज्य** | **44511** | **9099** | **360** | **55** | **605** | **15076** | **14318** | **478** | **82** | **774** | **49708** | **14087** | **1109** | **69** | **444** | **18265** | **18075** | **1367** | **92** | **597** |
| 29 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 5 | 5 | 0 | 0 | 0 | 3 | 5 | 0 | 0 | 0 |
| 30 | चंडीगढ़ | 23 | 9 | 5 | 0 | 7 | 14 | 14 | 6 | 0 | 10 | 17 | 3 | 1 | 0 | 2 | 4 | 3 | 2 | 0 | 2 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव + | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 32 | दिल्ली | 115 | 58 | 2 | 1 | 11 | 147 | 80 | 2 | 1 | 12 | 168 | 61 | 0 | 0 | 0 | 107 | 77 | 0 | 0 | 0 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर* | 73 | 18 | 0 | 0 | 4 | 22 | 22 | 0 | 0 | 6 | 120 | 14 | 0 | 0 | 1 | 33 | 23 | 0 | 0 | 1 |
| 34 | लद्दाख | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 35 | लक्षद्वीप | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 36 | पुदुचेरी | 4 | 3 | 0 | 0 | 0 | 8 | 8 | 0 | 0 | 0 | 10 | 5 | 0 | 0 | 0 | 5 | 5 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल संघ राज्य क्षेत्र** | **224** | **88** | **7** | **2** | **22** | **192** | **124** | **8** | **2** | **28** | **327** | **89** | **1** | **0** | **3** | **155** | **114** | **2** | **0** | **3** |
| | **कुल (अखिल भारत)** | **44735** | **9187** | **367** | **57** | **627** | **15268** | **14442** | **486** | **84** | **802** | **50035** | **14176** | **1110** | **69** | **447** | **18420** | **18189** | **1369** | **92** | **600** |

स्रोत:भारत में अपराध. नोट: '+' 2019-20 के दौरान पूर्ववर्ती दादरा और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र के संयुक्त आंकड़े, *' 2019-20 के दौरान लद्दाख सहित पूर्ववर्ती जम्मू और कश्मीर राज्य के आंकड़े.

**वर्ष 2021 के दौरान कुल साइबर अपराधों के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार दर्ज किए गए मामले (सीआर), आरोपपत्रित मामले (सीसीएस), दोषसिद्ध मामले (सीओएन),निपटाए गए मामले (सीडीआईस), दोष मुक्त मामले (सीएक्यू), गिरफ्तार किए गए व्यक्ति (पीएआर), आरोपपत्रित व्यक्ति (पीसीएस), दोषसिद्ध व्यक्ति(पीसीवी), बरी किए गए व्यक्ति (पीडीआईस)और दोष मुक्त व्यक्ति (पीएक्यू)**

| क्र.स. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2021 | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सीआर | सीसीएस | सीओएन | सीडीआईस | सीएक्यू | पीएआर | पीसीएस | पीसीवी | पीडीआईस | पीएक्यू |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1875 | 374 | 8 | 0 | 49 | 363 | 515 | 8 | 0 | 53 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 47 | 3 | 0 | 0 | 0 | 5 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | असम | 4846 | 579 | 2 | 2 | 88 | 6096 | 931 | 2 | 2 | 149 |
| 4 | बिहार | 1413 | 424 | 2 | 0 | 1 | 980 | 520 | 2 | 0 | 1 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 352 | 200 | 0 | 0 | 1 | 260 | 245 | 0 | 0 | 4 |
| 6 | गोवा | 36 | 18 | 0 | 0 | 2 | 42 | 22 | 0 | 0 | 2 |
| 7 | गुजरात | 1536 | 715 | 0 | 1 | 15 | 1395 | 1394 | 0 | 1 | 15 |
| 8 | हरियाणा | 622 | 326 | 3 | 0 | 37 | 647 | 601 | 4 | 0 | 61 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 70 | 63 | 1 | 0 | 1 | 68 | 77 | 1 | 0 | 1 |
| 10 | झारखंड | 953 | 400 | 25 | 0 | 30 | 1414 | 1215 | 45 | 0 | 30 |
| 11 | कर्नाटक | 8136 | 5801 | 10 | 0 | 68 | 615 | 5967 | 12 | 0 | 83 |
| 12 | केरल | 626 | 287 | 2 | 22 | 14 | 447 | 345 | 2 | 40 | 14 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 589 | 487 | 50 | 14 | 75 | 803 | 802 | 119 | 23 | 101 |
| 14 | महाराष्ट्र | 5562 | 1428 | 23 | 8 | 48 | 2475 | 1914 | 60 | 8 | 50 |
| 15 | मणिपुर | 67 | 2 | 0 | 0 | 0 | 31 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | मेघालय | 107 | 6 | 0 | 0 | 1 | 2 | 8 | 0 | 0 | 1 |
| 17 | मिजोरम | 30 | 20 | 3 | 0 | 0 | 31 | 21 | 3 | 0 | 0 |
| 18 | नागालैंड | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | ओडिशा | 2037 | 313 | 0 | 0 | 2 | 363 | 412 | 0 | 0 | 2 |
| 20 | पंजाब | 551 | 188 | 4 | 0 | 12 | 416 | 247 | 4 | 0 | 35 |
| 21 | राजस्थान | 1504 | 502 | 23 | 21 | 25 | 861 | 864 | 40 | 22 | 33 |
| 22 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | तमिलनाडु | 1076 | 147 | 6 | 0 | 30 | 612 | 198 | 8 | 0 | 36 |
| 24 | तेलंगाना | 10303 | 1361 | 19 | 0 | 24 | 1478 | 2179 | 21 | 0 | 31 |
| 25 | त्रिपुरा | 24 | 10 | 0 | 0 | 0 | 8 | 10 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 8829 | 4407 | 292 | 17 | 42 | 6887 | 6006 | 387 | 17 | 62 |
| 27 | उत्तराखण्ड | 718 | 158 | 0 | 0 | 0 | 207 | 266 | 0 | 0 | 0 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 513 | 307 | 17 | 1 | 6 | 246 | 336 | 17 | 1 | 6 |
| | **कुल राज्य** | **52430** | **18526** | **490** | **86** | **571** | **26753** | **25100** | **735** | **114** | **770** |
| 29 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 8 | 3 | 0 | 0 | 0 | 12 | 4 | 0 | 0 | 0 |
| 30 | चंडीगढ़ | 15 | 6 | 0 | 1 | 3 | 9 | 7 | 0 | 1 | 3 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव + | 5 | 2 | 0 | 0 | 0 | 4 | 4 | 0 | 0 | 0 |
| 32 | दिल्ली | 356 | 157 | 1 | 0 | 0 | 494 | 336 | 1 | 0 | 0 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर* | 154 | 49 | 0 | 0 | 3 | 102 | 60 | 0 | 0 | 5 |
| 34 | लद्दाख | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 35 | लक्षद्वीप | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 36 | पुदुचेरी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल संघ राज्य क्षेत्र** | **544** | **218** | **1** | **1** | **6** | **621** | **412** | **1** | **1** | **8** |
| | **कुल (अखिल भारत)** | **52974** | **18744** | **491** | **87** | **577** | **27374** | **25512** | **736** | **115** | **778** |

स्रोत:भारत में अपराध.

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या-1044 (दिनांक 13.12.2022)**

**अनुलग्नक-II**

**साइबर अपराध पुलिस थानों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | साइबर अपराध पुलिस स्टेशन की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 3 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0 |
| 3 | असम | 0 |
| 4 | बिहार | 0 |
| 5 | छतीसगढ़ | 1 |
| 6 | गोवा | 1 |
| 7 | गुजरात | 14 |
| 8 | हरियाणा | 3 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1 |
| 10 | झारखंड | 7 |
| 11 | कर्नाटक | 11 |
| 12 | केरल | 19 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 1 |
| 14 | महाराष्ट्र | 43 |
| 15 | मणिपुर | 1 |
| 16 | मेघालय | 1 |
| 17 | मिजोरम | 1 |
| 18 | नागालैंड | 1 |
| 19 | ओडिशा | 4 |
| 20 | पंजाब | 2 |
| 21 | राजस्थान | 2 |
| 22 | सिक्किम | 0 |
| 23 | तमिलनाडु | 46 |
| 24 | तेलंगाना | 3 |
| 25 | त्रिपुरा | 0 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 2 |
| 27 | उत्तराखंड | 1 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 31 |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 0 |
| 30 | चंडीगढ़ | 0 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 0 |
| 32 | दिल्ली | 0 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर | 2 |
| 34 | लद्दाख | 0 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0 |
| 36 | पुदुचेरी | 1 |
| | **कुल** | 202 |

स्रोत: बीपीआर एंड डी प्रकाशन "पुलिस संगठनों के आंकड़े", 2021